आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com


जालंधर, बुधवार 15 जनवरी 2025


वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com










## पहले शाही स्नान में

# 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** महाकुंभ में मकर संक्रांति के अवसर पर पहले शाही स्नान के दौरान संतों समेत 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखाड़ों, मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों का साधुवाद करने के साथ प्रदेशवासियों को बधाई दी है।



सीएम ने सोशल मीडिया पर मंगलवार शाम को अपने संदेश में कहा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुंभ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों एवं श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया है। वहीं दूसरी ओर सीएम योगी मंगलवार को गोरखपुर से महाकुंभ के बारे में पल-पल की जानकारी लेते रहे। उनके निर्देश पर डीजीपी प्रशांत कुमार और प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद समेत तमाम अधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रहे।

### श्रद्धालुओं को भी नहीं होगी कोई दिक्कत

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक के जरिए देर रात से ही भीड़ नियंत्रण की मॉनीटरिंग हो रही है।। रात में थर्मल इमेजिंग के हिसाब से क्राउड कंट्रोल किया गया तो दिन में टीथर्ड ड्रोन व सीसीटीवी से ट्रैफिक को मॉनिटर कर रहे हैं। घाटों की लंबाई अधिक होने के कारण संगम नोज पर इस बार अधिक दबाव नहीं है। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार कर रहे हैं। श्रद्धालु अब प्रयागराज के साथ चित्रकूट, विंध्यवासिनी धाम, वाराणसी व अयोध्या की तरफ भी जाएंगे। इन शहरों के रास्तों पर भी श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो, हमने इसकी भी व्यवस्था की है।

### हर जगह कैमरे की नजर में

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहा कि मकर संक्रांति पर 3.50 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। मुख्यमंत्री पल-पल की जानकारी ले रहे हैं। पीएम मोदी की अपेक्षा थी कि इसे डिजिटल महाकुंभ के रूप में स्थापित किया जाए। इसे देखते हुए पूरे मेला क्षेत्र को कैमरे से स्कैन किया गया है। गूगल लोकेशन, यूपीआई समेत सारी सुविधा उपलब्ध कराते हुए इसे डिजिटल स्वरूप देने का प्रयास किया गया है। भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट, खोया-पाया लोकेशन आदि में एआई समेत टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है।

### सीएम योगी ने दी बधाई


मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुम्भ 2025 में गंगा स्नान करने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक भावपूर्ण पोस्ट के जरिए आस्था, समता और एकता के इस महासमागम में शामिल पूज्य संतों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। सीएम योगी ने महाकुम्भ को सनातन धर्म की अनुपम शक्ति और आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा, प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों और श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ के प्रथम अमृत स्नान पर्व के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों और संगठनों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद।

### पाकिस्तान और अरब देशों में भी महाकुम्भ की धूम

महाकुम्भ अब सिर्फ भारतीय आयोजन नहीं रहा, यह एक वैश्विक पर्व बन गया है। तीर्थराज प्रयागराज में सोमवार को महाकुम्भ 2025 का भव्य शुभारंभ हो चुका है। ब्राजील, जर्मनी, जापान, इंग्लैंड, अमेरिका और स्पेन जैसे देशों के श्रद्धालु भी प्रयागराज पहुंचने लगे हैं। यह आयोजन अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनातन संस्कृति के बढ़ते प्रभाव को दिखा रहा है। खास बात ये है कि पाकिस्तान और अरब समेत इस्लामिक देश भी महाकुम्भ में रुचि दिखा रहे हैं। गूगल ट्रेंड्स के अनुसार, इस्लामिक देशों में योगी सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे महाकुम्भ के आयोजन को खूब सर्च किया जा रहा है।

### पाकिस्तान में महाकुम्भ के चर्चे

महाकुम्भ को सर्च करने वाले देशों की सूची पर नज़र डालें तो पहला नाम सबसे ज्यादा चौंकाता है जो कि पाकिस्तान है। भारत के परस्पर विरोधी देश में लोग महाकुम्भ के आयोजन और यहां जुट रही व्यापक भीड़ को खूब सर्च कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद कतर, यूएई और बहरीन जैसे देशों ने महाकुम्भ में गहरी रुचि दिखाई है। इसके अलावा, नेपाल, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, आयरलैंड, ब्रिटेन, थाईलैंड और अमेरिका जैसे देशों के लोग भी महाकुम्भ के बारे में पढ़ और खोज रहे हैं।



HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# तरनतारन में चाइना डोर के कारण 6 साल के बच्चे की मौत



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** तरनतारन की फतेह चक्क कॉलोनी में 6 साल के बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि पतंग की डोर तारों पर पड़ गई।

जिस वजह से बच्चे को करंट लग गया और उसकी मौत हो गई। बच्चे की पहचान दिलजीत के रूप में हुई है। इस घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच चाइना डोर के खिलाफ गुस्सा देखने को मिल रहा है।

## छत पर पतंग उड़ा रहा था

दरअसल बच्चा अपने घर की छत पर चाइना डोर की मदद से पतंग उड़ा रहा था। अचानक उसकी पतंग पास में ही एक तार में फंस गई। तार में पतंग फंसने के बाद बच्चे को करंट का जोरदार झटका लगा। जिसके बच्चा वहीं जमीन पर गिर गया। जैसे ही परिवार वालो को इसका पता चला तो वह तुरंत उसे लेकर अस्पताल दौड़े।

## डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने बच्चे को मृत करार दे दिया।

इस घटना के बाद से लोगों में चाइना डोर के खिलाफ काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। लोगों का कहना है कि चाइना डोर पर बैन है, फिर भी इसे लोग बेच और खरीद रहे हैं। सरकार को इसे रोकना चाहिए।

# पंजाब में खूनी डोर ने एक 14 साल के बच्चे का काटा गला

पंजाब में बैन होने के बावजूद लोहड़ी और मकर संक्रांति के मौके पर गट्टू डोर (चाइना डोर) धड़ल्ले से बिक रही है। पुलिस की सख्तियों के बाद भी दुकानदार इसे बेच रहे हैं और लोग खरीद भी रहे हैं। जिस वजह से लोगों को हादसे का शिकार होना पड़ा रहा है। ताजा मामला लुधियाना से सामने आया है जहां 14 साल के बच्चे का चाइना डोर के कारण गला कट गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसका ईलाज चल रहा है।



**पतंग लूटते समय कटा गला :** बताया जा रहा है कि लुधियाना के कलसी नगर में 14 साल का सत्यम पतंग लूट रहा था। इस दौरान चाइना डोर से उसका गला कट गया। जिस कारण उसके गले पर गहरा घाव बन गया। जैसे ही परिजनों को इस बात का पता चला तो वह दौड़े-दौड़े उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना के बाद सत्यम के माता-पिता का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

**डोर के कारण हुआ हादसा :** डॉक्टर ने बताया कि बच्चे के गले पर काफी गहरा जख्म लगा है। क्योंकि डोर ने उसका काफी मांस काट दिया, जिस कारण हमें टांके लगाने पड़ेंगे। चाइना डोर के कारण ही बच्चे का गला कटा है और लोगों को इस डोर से दूर रहना चाहिए। क्योंकि यह काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाती है।

## जालंधर में व्यक्ति की हो चुकी है मौत

आपको बता दें कि बीते दिन ही जालंधर में चाईना डोर के कारण 45 साल के हरप्रीत सिंह की मौत हो गई थी। हरप्रीत बाइक पर आदमपुर से अपने गांव जा रहा था। इस दौरान वह चाईना डोर की चपेट में आ गया और उसका गला कट गया। जख्मी हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे चंडीगढ़ पीजीआई अस्पताल रेफर कर दिया। 2 दिन बाद उसकी ईलाज के दौरान मौत हो गई।

# 26 जनवरी को लेकर पंजाब पुलिस अलर्ट

## सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द; थानों और चौकियों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** राज्य के सभी पुलिस कर्मियों की छुट्टियां आगामी 27 जनवरी तक रद्द कर दी गई है। गणतंत्र दिवस को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस लेकर डीजीपी पंजाब गौरव यादव की ओर से आदेश जारी किए गए है।

आदेश में कहा गया है कि आगामी 27 जनवरी तक किसी भी पुलिस कर्मचारी को छुट्टी नहीं दी जाएगी। ध्यान रहे कि गणतंत्र दिवस को लेकर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों व आईबी की ओर से राज्य में बम धमाकों का अलर्ट जारी कर रखा है। इस लेकर सभी जिलों के सीपीज और एसएसपीज को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू

गणतंत्र दिवस को लेकर सभी जिलों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। इससे पहले सभी जिलों में हर जोर विशेष अभियान स्पेशल डीजीपी कानून व व्यवस्था अर्पित शुक्ला की ओर से दिए गए है। मंगलवार से इस अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। जिस के चलते जिलों के सभी एंट्री व एग्जिट प्वाइंट्स पर स्पेशल नाके लगाए जा रहे है। जो जिले दूसरे राज्यों की सीमा के साथ लगते है, वहां पर विशेष नाकेबंदी करके वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

### गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

मोगा में एसएसपी अजय गांधी के दिशा-निर्देशों पर लोहड़ी, माघी के त्योहारों और 26 जनवरी को मद्देनजर रखते हुए जिले में सुरक्षा प्रबंधों को पुख्ता करने व अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के ऑपरेशन के तहत जिले के समूह बस स्टैंड की सब डिवीजन स्तर पर चैकिंग की गई। इस दौरान बसों में रखे गए सामान, बैग आदि की चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान कुल 78 पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को तैनात किया गया था। चैकिंग का मुख्य उद्देश्य अपराधिक गतिविधियों को काबू में करते हुए जनता को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

### पुलिस थानों व चौकियों में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम

राज्य के पुलिस स्टेशनों पर लगातार हो रहे हेंड ग्रेनेड हमलों के बाद पुलिस की ओर से पुलिस थानों व चौकियों में भी सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने को कहा गया है। इसे लेकर पुलिस स्टेशनों की चार दीवारी को ऊंचा किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरों के अलावा विशेष जाल लगाकर थानों को संरक्षित किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गणतंत्र दिवस को लेकर चौकसी कड़ी की गई है। आने वाले दिनों में लगातार पुलिस की ओर से विशेष सर्च ऑपरेशन चलाए जाएंगे।




# लुधियाना में जलते हुए सिलेंडर से परिवार के घर पर हमला, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** लुधियाना के संदीला कालोनी में लोहड़ी वाली रात एक परिवार ने सिलेंडर को आग लगाकर अपने पड़ोसियों के घर पर फेंकने की कोशिश की। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। जिसमें एक व्यक्ति गैस सिलेंडर को आग लगाता है और उसके बाद फिर उसे पड़ोसी के घर पर फेंकने की कोशिश करता है।

## जान बचाने के लिए छिपे लगे

पीड़ितों के मुताबिक आरोपियों ने सिर्फ जलते हुए सिलेंडर से नहीं बल्कि तलवार व अन्य तेजधार हथियार के साथ उन पर हमला करने कोशिश की। जिसके बाद अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागना पड़ा। पीड़ित परिवार ने पुलिस को घटना की जानकारी दे दी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पहले भी कर चुका है परेशान

पीड़ित परिवार का आगे कहना है कि आरोपी और उसका परिवार पहले भी कई बार परेशान कर चुका है। इसे लेकर कई बार पुलिस को शिकायत भी दी गई है, पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। घटना के बाद पूरा मोहल्ला डरा हुआ है।

# पंजाब में धुंध का कहर जारी, जालंधर-होशियारपुर पर सवारियों से भरी बस ट्राले से टकराई, हादसे में 4 लोग जख्मी

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब में धुंध का कहर बढ़ता ही जा रहा है, जिस वजह से आए दिन राज्य में हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला होशियारपुर से सामने आया है जहां सवारियों से भरी बस और एक ट्राले के बीच जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में 4 लोग गंभीर हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भेज दिया गया है। जबकि हादसे में बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।




## हादसे में 4 लोग जख्मी

इस हादसे में 4 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए हैं। जिन्हें लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका ईलाज चल रहा है। जबकि हादसे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने सड़क पर उमड़ी भीड़ को हटाया और ट्रैफिक को क्लियर करवा रही है।

## जालंधर-होशियारपुर रोड पर हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि जालंधर होशियारपुर रोड पर मंडियाला गांव के पास धुंध के कारण सवारियों से भरी बस ट्राले से जा टकराई। हादसे के बाद सुबह-सुबह बीच सड़क पर चीख-पुकार मच गई। जिसके बाद लोगों ने सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम को घटना की जानकारी दी।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247





## कपूरथला में व्यापारी से मांगी गई एक करोड़ रुपए की फिरौती, कहा- विदेश से बहुत ज्यादा पैसे लेकर आए हो

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** कपूरथला में ग्रोसरी स्टोर के मालिक से विदेशी नंबर से फिरौती मांगी गई है। जिसमें उसने कहा कि एक करोड़ का इंतजाम करो वर्ना तुम्हारे भतीजे का बुरा हाल कर देंगे। जिसके बाद उसने इस घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और आगे की जांच भी शुरू कर दी है।

### भतीजे को मारने की दी धमकी

सुखबीर सिंह (काल्पनिक नाम) ने पुलिस को बताया कि वह 11 जनवरी को उसके मोबाइल पर (+447424658521) नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। जिसमें व्यक्ति ने कहा कि तुम इंग्लैंड से आए हो और बहुत ज्यादा पैसे लेकर आए हो। आप एक करोड़ रुपये का इंतजाम करो, नहीं तो आपका और आपके एनआरआई भतीजे का बुरा हाल कर देंगे।

### जल्द आरोपी को किया जाएगा अरेस्ट

SHO किरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यापारी के शिकायत के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की टेक्निकल टीम इस मामले में गंभीरता से काम कर रही है। जल्दी ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी।

# श्री मुक्तसर साहिब में मेला माघी की धूम

## श्री दरबार साहिब पहुंचे लाखों श्रद्धालु; पवित्र सरोवर में लगाए डुबकी

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चालीस मुक्तों की याद में मुक्तसर में मंगलवार को मेला माघी प्रारंभ हो गया है। माघी के मौके भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब पहुंचकर जहां पवित्र सरोवर में स्नान कर पुण्य-लाभ कमाया। वहीं अन्य गुरुद्वारा साहिबानों के दर्शन कर जीवन सफल बनाया। लोहड़ी की रात करीब बारह बजे से ही श्रद्धालुओं ने शहर में प्रवेश शुरु कर दिया था और सोमवार रात से ही गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर स्नान का सिलसिला शुरु हो गया था, जो मंगलवार दिन भर चलता रहा।

दिन भर लाखों की तादात में संगतों ने पहुंचकर जहां स्नान पश्चात गुरुघर में हाजरी लगवाई। वहीं चालीस मुक्तों को नमन किया और गुरु यश श्रवण किया।

**सिख इतिहास के दर्शाती प्रदर्शनी भी लगी है :** गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब में गत रविवार को श्री अखंड पाठ साहिब का प्रकाश हुआ था। जिसका भोग आज माघी वाले दिन सुबह साढ़े सात बजे डाला गया।

वहीं संगतों ने गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब के अलावा गुरुद्वारा शहीद गंज साहिब, गुरुद्वारा तंबू साहिब, गुरुद्वारा रकाबसर साहिब, गुरुद्वारा दातनसर साहिब, गुरुद्वारा तरनतारन साहिब समेत अन्य गुरु घरों में पहुंचकर गुरु साहिबानों के दर्शन किए।

### इच्छुक संगतों को कराया जाएगा अमृतपान

रवायती तौर पर मेला माघी 14 व 15 जनवरी दो दिन चलता है, मगर मलोट रोड पर मनोरंजन मेला के चलते करीब दो माह तक मुक्तसर में माघी मेले की रौनक लगी रहती है। गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब के मैनेजर बलदेव सिंह ने बताया कि 15 जनवरी को गुरुद्वारा टिब्बी साहिब में विशेष ढाडी समारोह होगा। जबकि गुरुद्वारा तंबू साहिब में 11 बजे इच्छुक संगतों को अमृतपान कराया जाएगा। वहीं नगर कीर्तन निकाले जाने के साथ मेला माघी रवायती तौर पर संपन्न हो जाएगा। ये नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब के गेट नंबर चार से प्रारंभ होगा जो शहर के विभिन्न बाजारों से होता हुआ गुरुद्वारा टिब्बी साहिब पहुंचेगा। जहां से वापिस गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब पहुंचकर संपन्न होगा। महला निकाल निहंग-सिंह करेंगे शौर्य का प्रदर्शनएक तरफ जहां 15 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब प्रबंधक कमेटी की ओर से नगर कीर्तन सजाया जाएगा। वहीं दूसरी ओर विभिन्न राज्यों से आए निहंग सिंहों द्वारा महला निकाल अपने शौर्य व जाहो-जलाल का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान जहां हाथी-घोड़ों पर सवार निहंग सिंह आकर्षण का केंद्र बने रहेंगे। वहीं हथियारों, बंदूकों व शस्त्रों सहित महला निकाल रहे निहंग सिंह भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खिंचते हैं।







# गुरदासपुर में बाजार में सरेआम अज्ञात हमलावरों ने दुकान पर चलाई गोली, 3 महीने से लगातार दे रहे थे धमकियां




**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** गुरदासपुर के बाबा डेरा नानक में लोहड़ी वाली शाम को सरेआम अज्ञात हमलावरों ने एक दुकान पर गोली चला दी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके से एक जिंदा कारतूस भी मिला है। इस घटना के बाद बाजार के लोग काफी डरे हुए हैं। वहीं दुकानदार ने पुलिस से इस मामले पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है।

दुकानदार ने बताया कि पिछले 3 महीने से उसे लगातार धमकियां आ रही हैं। उसने मिल रही धमकियों को लेकर पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवाई थी। पर बावजूद इसके पुलिस की तरफ से इस मामले में कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। जिस कारण आज दुकान पर गोलियां चलाई गई हैं

वहीं मौके पर पहुंचे पुलिस ने अधिकारी ने बताया कि उन्हें गोली चलने की सूचना मिली थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि बाइक सवार 2 अज्ञात हमलावरों ने गोलियां चलाई हैं। मामले की जांच शुरु कर दी गई है और आगे की जो भी बनती कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

## शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस में आग: ब्रेक एक्सेल से लपटें उठती देख यात्रियों में मची भगदड़, खन्ना से पहले हुई घटना

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** अमृतसर से नई दिल्ली की तरफ जा रही शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस (12498) मंगलवार देर शाम बर्निंग ट्रेन बनने से बाल-बाल बच गई। लुधियाना स्टेशन से रवाना होने के बाद खन्ना स्टेशन से करीब 10 किलोमीटर पहले ट्रेन के ब्रेक एक्सेल में अचानक आग लग गई। डिब्बे के नीचे से आग की लपटें व धुआं उठते देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। इसके बाद ड्राइवर ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को चावा पायल के पास रोक दिया। शान-ए-पंजाब एक्सप्रेस में आग लगने की सूचना मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों व ट्रेन के स्टाफ ने स्थिति को संभाला और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। रेलवे कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और तकनीकी जांच के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया। हालांकि इस हादसे में किसी यात्री को नुकसान नहीं हुआ, लेकिन बोगी के नीचे आग लगने का समय रहते पता चलने के कारण बड़ी दुर्घटना होने से टल गई।



# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की पार्टी का एलान, अकाली दल से मिलता-जुलता है नाम; क्या होंगे मुद्दे?

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पिछले दो साल से असम के डिब्रूगढ़ जेल में खडूर साहिब के सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी का आज एलान हो गया है। मुक्तसर के बठिंडा रोड पर चल रही अलगाववादी सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी की %पंथ बचाओ, पंजाब बचाओ% रैली में अमृतपाल के पिता ने पार्टी का एलान किया है।

### पार्टी का रखा गया ये नाम

अलगाववादी सांसद अमृतपाल सिंह के पिता ने नई पार्टी की घोषणा कर दी है।

पार्टी का नाम अकाली दल (वारिस पंजाब दे) रखा गया है। पंथ बचाओ, पंजाब बचाओ रैली के दौरान पार्टी नेता जसकरण सिंह काहनवाला ने शिअद बादल पर हमला बोलते हुए कहा कि दो सोचों की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि एक सोच दिल्ली की है जोकि किसानों की जानें ले रही हैं। दिल्ली की सोच सिख कौम का नुकसान करवा रही है। दिल्ली की सोच बंदी सिंहों को बंदी बना कर रखना चाहती है। दिल्ली की सोच पंथ व पंजाब का नुकसान करवा रही है। दिल्ली सोच पंजाब के पानी को लूटना चाहती है।



### अमृतपाल के वकील ने कही ये बात

खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के वकील हरपाल सिंह ने कहा कि जब तक पंजाब की क्षेत्रिय पार्टी नहीं बनती तब तक पंजाब के बारे कोई नहीं सोचेगा। उन्होंने कहा कि अब नई साजिश के तहत अमृतपाल को गैंगस्टर साबित करना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के 92 विधायकों ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह के डर से पंजाब की बात ही नहीं करनी है। जो पंथ के नाम पर पहले पार्टियां चल रही हैं वो पंथ की बात ही नहीं करते।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# जालंधर में पार्कों की मिट्टी में दफन हो गया स्मार्ट सिटी का फंड





**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए केंद्र सरकार ने फंड तो दिया लेकिन जालंधर के हालात देखकर जनता के मन में यह सवाल हमेशा से उठते रहे हैं कि आखिर उस फंड को जालंधर में कौन-से कामों पर खर्च किया गया। वैसे शहर की हालत देखकर लगता नहीं कि जालंधर स्मार्ट सिटी बन पाया है।न तो पार्कों की हालत सुधरी, न ही सडक़ों का उच्च स्तरीय निर्माण हुआऔर न ही समुचित तरीके से जालंधर का सौंदर्यीकरण हुआ। ऐसा न होने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल पहले जालंधर को स्मार्ट सिटी बनाने का जो सपना देखा था वो लगता है शहर में कुछव्यक्तियों के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।अब अंगुली उन लोगों पर उठरही है जिन्हें इन प्रोजेक्टों के तहत काम अलॉट हुए।स्मार्ट सिटी के बाकी प्रोजेक्टों की तरह एक प्रोजक्ट के तहत जालंधर के पार्कों का सौंदर्यीकरण और उनमें ग्रीन बेल्ट का विकास होना था। इसके अलावा चयनित पार्कों को झूलों, सुंदर बाग बगीचों, सैर करने वालों के लिए सुविधाओं से संपन्न बनाया जाना था। आरटीआई एक्टिविस्ट कर्णप्रीत सिंह की तरफ से आरटीआई से प्राप्त जानकारी में कई ऐसे सवाल पैदा हो गएहैं जोकि इस मामले में कथित रूप से भ्रष्टाचार की तरफइशारा कर रहे हैं। जालंधर के 18 पार्कों और फ्लाईओवर के नीचे व नहर किनारे ग्रीन एरिया डेवलपमेंट के लिएस्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोड़ों रुपएका फंड जारी हुआ।इन पार्कों के सौंदर्यीकरण के ठेके प्राप्त करने वालों को पार्क की बाऊंड्री पक्का करने के लिएलाखों रुपए दिए गएलेकिन पार्कों की हालत देखकर ऐसा नहीं लगता कि पार्कों की हालत सुधारने पर पैसे खर्चहुए हैं।

## किस पार्क के लिए कितना फंड रिलीज हुआ

आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाजपत नगर पार्क में ग्रीन एरिया डेवलपमेंट के लिए57 लाखरुपए, महाराजा अग्रसेन पार्क के लिए37 लाख रुपए, मस्त राम पार्क के लिए18 लाख, अवतार नगर पार्क के लिए 86 लाख रुपए, बस्ती शेखदशहरा ग्राऊंड के विकास के लिए 80 लाख रुपए, फ्लाईओवर के नीचे ग्रीन एरिया डेवलपमेंट के लिए 3.8 करोड़ रुपए जारी किए।इनके अलावा बेअंत सिंह पार्क (फोकल प्वाइंट चौक के पास) के लिए1.26 करोड़ रुपए, टंकी वाला पार्क में बाऊंड्री वॉल बनाने के लिए 14 लाख, तोबड़ी मोहल्ला में ग्रीन एरिया डेवलपमेंट के लिए 42 लाख रुपए, चौगिट्टी रोड पार्क 64 लाख रुपए के काम अलॉट हुए।अब जब आप इन पार्कों में जाकर देखेंगे तो सच्चाई कुछऔर नजर आएगी।स्मार्ट सिटी के इन प्रोजेक्टों में से अधिकतर कार्यजो आवंटित किए गएवे साल 2020 से 2022 तक हैं।

### 11 प्रोजेक्टों पर 924.62 करोड़ की लागत

आरटीआई से प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्मार्ट सिटी के 50 प्रोजेक्ट जालंधर में पूरे हुए।11 प्रोजेक्ट विभिन्न स्तरों पर अभी पूरे नहीं हुए हैं।कुल 11 प्रोजेक्टों पर 924.62 करोड़ की लागत आईऔर 16.08 करोड़ रुपए बचाए गए।

### जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी : मेयर वनीतधीर

स्मार्ट सिटी के फंड की अनियमतिताओं के मामले में मेयर वनीत धीर ने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उस पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त पंजाब का वादा किया है और मैं इस मामले में स्पष्ट कहना चाहता हूं कि मेरे पास इस संबंधी जो भी डिटेल आएगी उसकी सही तरीके से जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी।


## अकाली दल वारिस पंजाब दे होगा सांसद अमृतपाल सिंह की पार्टी का नाम, माघी मेले में हुआ ऐलान



**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** श्री मुक्तसर साहिब में अमृतपाल सिंह के राजनीतिक दल के नाम की घोषणा कर दी गई। अमृतपाल सिंह की राजनीतिक पार्टी का नाम अकाली दल वारिस पंजाब दे रखा गया है। मंगलवार को मुक्तसर साहिब के माघी मेले में इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह इस समय डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। अमृतपाल ही पार्टी के अध्यक्ष होंगे। अमृतपाल सिंह की राजनीतिक पार्टी बनना सबसे बड़ी चुनौती शिरोमणि अकाली दल (बादल) के लिए है, क्योंकि अकाली दल खुद को सबसे बड़ पंथ हिमायती कहता है। साल 2015 में हुई श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी की घटनाओं और राम रहीम को माफी देने के मुद्दे पर अकाली दल का ग्राफ तेजी से गिरा है।

पंथक वोट बैंक अकाली दल से दूर हुआ है। सांसद बनने से पहले अमृतपाल सिंह 'वारिस पंजाब दे' संगठन को संभाल रहे थे। यह संगठन पंजाबी अभिनेता दीप सिद्धू ने बनाया था।

## नशे ने उजाड़ा घर- पंजाब में ओवरडोज से दो बच्चों का पिता की मौत, गांव में 14-15 साल के बच्चे भी आदी



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब में नशे की ओवरडोज से एक और मां का बेटा और एक पत्नी का सुहाग उजड़ गया। वहीं दो बच्चों के सिर से पिता का साया भी उठ गया। पंजाब के खडूर साहिब में नशे की ओवरडोज से व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव सभरा के जगरूप सिंह उर्फ जग्गा के तौर पर हुई है। परिजनों का आरोप है कि गांव में खुलेआम नशा बेचा जा रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जगरूप सिंह दो बच्चों का पिता था। जगरूप गुजरात में नौकरी करता था। लोहड़ी पर परिवार से मिलने के लिए तीन महीने बाद घर आया था। शिंगारा सिंह ने बताया कि वह कबाड़ का काम करता है। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। बड़ा बेटा जगरूप सिंह जग्गा के दो बच्चे हैं। उन्होंने बताया कि जगरूप सिंह जग्गा दो साल से नशे का आदी हो गया था। परिवार ने उसे गुजरात की निजी कंपनी में काम पर भेज दिया था। करीब तीन माह बाद वह लोहड़ी के मौके पर परिवार को मिलने आया था।

गुजरात लौटने के तैयारी कर रहा था जग्गा मंगलवार को वह वापस गुजरात वापस लौटने की तैयारी कर रहा था, तभी जग्गा को उसके कुछ दोस्तों ने फोन करके घर से बाहर बुलाया। करीब चार घंटे बाद जग्गा घर वापस लौटा और बेहोश होने लगा, उसने अपने माता-पिता को बताया कि उसके दोस्तों ने उसे जबरदस्ती नशे का इंजेक्शन लगाया है। जग्गा की मां परमजीत कौर ने बताया कि हालत बिगड़ती देख वे उसे डॉक्टर के पास लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई।


## पंजाब में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी: नाली में फेंके गुटका साहिब के अंग, ग्रामिणों में रोष, माहौल तनावपूर्ण

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के फरीदकोट में श्री गुटका साहिब की बेअदबी का मामला सामने आया है। फरीदकोट के गांव गोलेवाला में मंगलवार सुबह को श्री गुटका साहिब की बेअदबी हुई है।

इस घटना को लेकर जहां ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया है, वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है। गांव में माहौल तनावपूर्व बना हुआ है।

इस घटना के बारे में गांव निवासी गुरमेल सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह जब वह लोगों के घरों में दूध बांटकर घर लौट रहा था तो उसने गली में नाली में गुटका साहिब के कुछ अंग और खंडित गुटका साहिब पड़े हुए देखे। वह गुटका साहिब के अंगों को सम्मान सहित निकालकर अपने साथ घर लाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और कार्रवाई कर रही है।

उधर, गांव गोलेवाला के किसान नेता गुरमीत सिंह ने कहा कि यह कुछ शरारती तत्वों का काम है जो सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की है और प्रशासन से आरोपियों को जल्द काबू कर कड़ी सजा देने की मांग रखी। इस मौके पर एसपी फरीदकोट जसमीत सिंह ने बताया कि इस घटना में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों को शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# 'व्यवस्था के दावे और सच्चाई में फर्क..., अखिलेश बोले- महाकुंभ में भोजन-पानी, सिर पर साये के लिए तरस रहे तीर्थयात्री



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ में अव्यवस्था का आरोप लगाते हुए मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों को लेकर सरकार ने तमाम दावे किए थे, लेकिन वहां पर सच्चाई कुछ और ही बयान कर रही है।

परेशान श्रद्धालु अपनी शिकायतें कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। तीर्थयात्री पीने के पानी, भोजन और सिर पर आसरा पाने के लिए तरस रहे हैं। बुजुर्ग श्रद्धालु कई किलोमीटर तक पैदल चलने पर मजबूर हैं। आम श्रद्धालुओं को सर्दी के मौसम से बचाने के लिए सरकार ने कोई इंतजाम नहीं किया है।

### अखिलेश यादव ने भाजपा पर बोला हमला

सपा मुखिया ने यह भी कहा कि आस्था के कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं से ज्यादा से ज्यादा आर्थिक लाभ प्राप्त होने के दावे किए जा रहे हैं। कुंभ स्नान, दान और पुण्य के लिए जाना जाता है, लेकिन सरकार गरीब नाविकों की नाव पर पाबंदी लगाकर उनकी रोजी-रोटी छीनने पर उतारू हो गई। जिनका जीवन नाव चलाकर चल रहा है, उन्हीं की नावें किनारे कर दी गई हैं।

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है- अखिलेश

उन्होंने एक बार फिर कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। कहा कि प्रधानमंत्री जी ने सपना दिखाया था कि वे अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को जापान के क्योटो शहर जैसा बना देंगे। वाराणसी स्मार्ट सिटी का अनोखा नमूना बन जाएगा।

### वाराणसी को क्योटो बनाने पर अखिलेश ने घेरा

वाराणसी के मैदागिन पार्क में लगे फव्वारे, ओपन जिम के उपकरण खराब हो गए हैं। वाराणसी की तरह राजधानी लखनऊ का भी हाल खराब है। विकासनगर के बाद अब टेढ़ीपुलिया चौराहे से इंजीनियरिंग कालेज चौराहे की तरफ जाने वाली सड़क धंस गई है।

### जनहित में सपा का मुकाबला नहीं कर सकती BJP सरकार- अखिलेश

बता दें कि बीते दिनों समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सरकार कभी भी समाजवादी पार्टी के विकास और जनहित के मुद्दों का मुकाबला नहीं कर सकती है। भाजपा केवल नफरत फैला सकती है और भेदभाव करती है, लेकिन सपा सरकार हमेशा जनता के लिए काम करती है।

# किसान आंदोलन में बड़ा एलानः 111 किसान शुरू करेंगे आमरण अनशन, डल्लेवाल के लिए जान कुर्बान करने को तैयार

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** शंभू और खनौरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में बड़ा एलान किया गया है। फसलों की एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मरणव्रत को मंगलवार को पूरे 50 दिन हो चुके हैं। ऐसे में डल्लेवाल के समर्थन में 111 किसान भी आमरण अनशन शुरू करेंगे।

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन मंगलवार को 50वें दिन भी जारी रहा। डॉक्टरों ने मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए कहा कि पिछले 48 घंटे से डल्लेवाल को पानी पीने में दिक्कत आ रही है। जितना पानी वो पीते हैं, वो उल्टियों के तौर पर बाहर आ जाता है। उनके शरीर के अंग अंदर से काम करना बंद कर रहे हैं।

इसलिए उनका शरीर पानी भी स्वीकार नहीं कर रहा है। डॉक्टरों ने बताया कि उनका शरीर मल्टीपल ऑर्गन फेलियर की तरफ बढ़ रहा है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति है।

इसी बीच मंगलवार को किसान नेताओं अभिमन्यु कोहाड़, काका सिंह कोटड़ा आदि ने बड़ा एलान करते कहा कि डल्लेवाल के समर्थन में बुधवार को दोपहर 2 बजे 111 किसानों का जत्था काले चोगे पहनकर खनौरी बॉर्डर पर पुलिस की बैरिकेडिंग के पास शांतिपूर्ण ढंग से बैठकर आमरण अनशन शुरू करेगा।

### भाजपा नेता लोगों को कर रहे गुमराह

किसान नेताओं ने बताया कि डल्लेवाल की बिगड़ती सेहत के बावजूद केंद्र की ओर से बातचीत न करने से किसान काफी रोष में हैं। डल्लेवाल की कुर्बानी से पहले वह अपने जानें कुर्बान कर देंगे। किसान नेताओं ने कहा कि एमएसपी गारंटी कानून के मुद्दे पर आंदोलनकारी किसानों के साथ सार्थक चर्चा करने की बजाय कुछ भाजपा नेता लोगों को एमएसपी के मुद्दे पर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

### डल्लेवाल के लिए जान कुर्बान करने को तैयार

हरियाणा के कैथल जिले से किसानों का बड़ा जत्था डल्लेवाल के समर्थन में दाता सिंह वाला-खनौरी किसान मोर्चे पर पहुंचा। इन किसानों ने एलान किया कि वे डल्लेवाल के रास्ते पर चल रहे हैं और उनके लिए अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए तैयार हैं। वहीं, बजरंग दास गर्ग के नेतृत्व में हरियाणा व्यापार मंडल की पूरी कार्यकारिणी जगजीत सिंह डल्लेवाल का समर्थन करने के लिए किसान मोर्चे पर पहुंची।





# मोगा में एनकाउंटर : बदमाशों को पकड़ने गई पुलिस पर फायरिंग, एक आरोपी को लगी गोली, दो गिरफ्तार, चार शातिर फरार

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के मोगा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। मोगा के समालसर के गांव भलूर में मंगलवार देर शाम पुलिस ने कुछ बदमाशों की घेराबंदी की। पुलिस बदमाशों को पकड़ने पहुंची थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि पांच से छह बदमाश गांव में छुपे हैं। खुद को पुलिस के जाल में फंसता देख बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलाई। पुलिस की फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को हिरासत में लिया, जबकि चार शातिर भागने में कामयाब हो गए।

जानकारी के अनुसार गांव भलूर में एक दिन पहले एक दुकानदार से छह बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव की ड्रेन के पास यह बदमाश बैठे हुए हैं।

पुलिस टीम इन्हें पकड़ने के लिए पहुंची तो आरोपियों ने पुलिस को देख गोलियां चला दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी को गोली लगी। उसकी पहचान सुखचैन सिंह के तौर पर हुई है। आरोपी की जांघ में गोली लगी है। उसे मोगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पकड़े गए दूसरे आरोपी की पहचान अमनदीप सिंह के तौर पर हुई है। वहीं मौके से भागे चारों बदमाशों की पुलिस चलाश कर रही है।

मोगा एसपी गुरशरण सिंह संधू ने कहा कि मोगा के गांव भलूर में सोमवार की एक दुकानदार के साथ मारपीट करके लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में समालसर पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करके पुलिस टीम आरोपियों की तलाश कर रही थी। मंगलवार शाम को मुखबीर ने सूचना दी कि दुकानदार से लूट करने वाले 6 आरोपी गांव के एक ड्रेन पर बैठे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर बदमाशों ने गोलियां चला दी।

पुलिस ने मौके से आरोपी सुखचैन सिंह और अमनदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से एक पिस्टल 32 बोर, एक जिंदा कारतूस और मोटर साइकिल बरामद हुई है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि उनके पास तीन पिस्टल थे। जो बदमाश फरार हुए हैं उनके लिए पुलिस टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# कैपिटल हिल दंगा मामले में ट्रंप को ठहराया जाता दोषी लेकिन...रिपोर्ट में चौंकाने वाला दावा



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें शपथ ग्रहण समारोह से पहले बढ़ती ही जा रही हैं। विशेष वकील जैक स्मिथ ने मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दावा किया अगर डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं चुने जाते तो उन्हें 2020 के चुनाव में गड़बड़ी के मामले में दोषी ठहराया जाता।

अमेरिकी कानून कहता है कि मौजूदा राष्ट्रपति पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। नीति के अनुसार, नवंबर 2024 में स्मिथ ने ट्रंप के खिलाफ चल रहे दो मामलों को खारिज करने के लिए आवेदन किया था। इनमें से एक मामला चुनाव में गड़बड़ी का था, जबकि दूसरा मामला ट्रंप द्वारा पद छोड़ने के बाद अवैध रूप से गोपनीय दस्तावेज रखने से जुड़ा था।

बता दें ट्रंप को हश मनी केस में दोषी ठहराया गया था हालांकि शुक्रवार (10 जनवरी) को जज ने उन्हें कोई सजा नहीं सुनाई और न ही जुर्माना लगाया। इस तरह व्हाइट पहुंचने वाले वह ऐसे पहले राष्ट्रपति बन गए दो किसी मामले में दोषी ठहराए गए।

चुनाव में गड़बड़ी का मामला 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को अवैध रूप से पलटने की ट्रंप की नाकाम कोशिश से जुड़ा है। चुनाव में निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जीत हासिल की थी। 6 जनवरी, 2021 को, जब सीनेट चुनाव परिणाम को प्रमाणित करने के लिए बैठक कर रही थी, तब ट्रंप के हजारों समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर हमला कर दिया। उन्हें ऐसा करने के लिए ट्रंप ने ही उकसाया था। आक्रोशित समर्थकों ने सर्टिफिकेशन को हाईजैक करने और सीनेटरों को ट्रंप के पक्ष में चुनाव को प्रमाणित करने के लिए मजबूर करने के इरादे से कैपिटल पर धावा बोला। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में स्मिथ ने कहा कि ट्रंप को मुकदमे में दोषी ठहराने के लिए पर्याप्त सबूत थे, लेकिन उनके चुनाव की वजह से ऐसा नहीं हो पाया।

स्मिथ ने कहा कि ट्रंप को दोषी नहीं ठहराया जाने का एकमात्र कारण उनका राष्ट्रपति के रूप के चुना जाना है क्योंकि प्रेसिडेंट के अभियोजन पर संवैधानिक प्रतिबंध लगा है।

स्मिथ ने कहा कि जब यह साफ हो गया कि ट्रंप 2020 में चुनाव हार गए थे और 'चुनाव परिणामों को चुनौती देने के वैध साधन नाकाम हो गए थे, तो उन्होंने सत्ता बनाए रखने के लिए कई आपराधिक प्रयास किए।'

स्मिथ ने कहा कि ट्रंप ने एक सदी से भी ज्यादा समय में पहली बार सत्ता परिवर्तन को हिंसक बना दिया। उनके मुताबिक, 'जब तक ट्रंप ने इसमें बाधा नहीं डाली, तब तक यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया 130 से अधिक सालों तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से चलती रही।'

हालांकि स्मिथ ने अब ट्रंप के खिलाफ मामले वापस ले लिए हैं, लेकिन उन्होंने 2029 में रिपब्लिकन लीडर के पद छोड़ने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की संभावना को खुला छोड़ दिया है, क्योंकि तब उनके खिलाफ मुकदमा चलाने पर संवैधानिक प्रतिबंध हट जाएगा।

कुछ कानूनी विद्वानों का यह कहना है कि सीमा अवधि के सवाल पर फैसला करते समय ट्रंप के 2025-29 के दूसरे कार्यकाल को ध्यान में नहीं रखा जाना चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो सैद्धांतिक रूप से ट्रंप पर 2029 में पद छोड़ने के बाद मुकदमा चलाया जा सकता है।

## हिमाचल में होटल के कमरे से मिली पंजाब की लड़की की लाश, कमरे में ठहरे दोनों लड़कों की तलाश

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पार्वती वैली स्थित कसोल में एक होटल से लड़की की लाश मिलने का मामला गरमा गया है। यह लड़की पंजाब की है और उसके परिजन जानकारी पाकर नेरचौक अस्पताल पहुंच गए है। उक्त लड़की पंजाब के मुक्तसर और बठिंडा के दो लड़कों के साथ यहां आई थी। तीनों एक ही कमरे 904 में ठहरे थे और ठहरने के थोड़ी देर बाद दोनों लड़के लड़की को उठाकर ले जाते दिखे तो स्टाफ ने रोक दिया।

इसके बाद दोनों युवक चकमा देकर स्कार्पियो से फरार हो गए जबकि लाश वहीं छोड़ गए। लड़की की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा कि मौत की वजह क्या है। वैसे लड़की के मुंह से झाग निकलने की जानकारी सामने आई है।



## माता वैष्णो देवी : मकर संक्रांति पर श्रद्धालुओं के लिए खोली गई पुरानी गुफा




**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकूटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की प्राचीन गुफा को मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। विशेष पूजा-अर्चना के बाद मंगलवार को गुफा के द्वार खोले गए। इस मौके पर 'श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंशुल गर्ग भी उपस्थित रहे।

**गुफा के खुलने का समय और महत्व -** मंदिर के गर्भगृह के भीतर स्थित प्राकृतिक गुफा को सर्दियों के महीनों में ही श्रद्धालुओं के लिए खोला जाता है, जब तीर्थयात्रियों की संख्या कम होती है। आमतौर पर दिसंबर से फरवरी के बीच, और कभी-कभी मार्च में होली से पहले भी, गुफा के दर्शन संभव होते हैं। इस गुफा के माध्यम से दर्शन करने का मौका केवल तभी मिलता है जब श्रद्धालुओं की संख्या 10,000 से कम हो।

**श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता -** अंशुल गर्ग ने बताया, प्राकृतिक गुफा को श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर खोला गया है। तीर्थयात्रियों की भीड़ कम होने पर ही उन्हें पुराने मार्ग से दर्शन करने की अनुमति दी जाएगी। नई गुफा के जरिए दर्शन प्रक्रिया सुगम है, जहां बड़ी संख्या में तीर्थयात्री बिना किसी कठिनाई के आगे बढ़ सकते हैं।

### नए साल में तीर्थयात्रियों की संख्या

अधिकारियों के अनुसार, इस साल अब तक 1.50 लाख से अधिक श्रद्धालु वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके हैं। पिछले वर्ष, 94.83 लाख तीर्थयात्री इस पवित्र स्थल पर आए थे, जो पिछले एक दशक में दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

माता वैष्णो देवी का यह पवित्र स्थल श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। मकर संक्रांति जैसे विशेष अवसर पर प्राचीन गुफा के दर्शन तीर्थयात्रियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बनाते हैं।

## बर्खास्त ट्रेनी IAS पूजा खेडकर ने किया सुप्रीम कोर्ट का रुख, हाई कोर्ट के आदेश को दी चुनौती



**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** महाराष्ट्र की निलंबित ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। खेडकर ने उच्च न्यायालय के फैसले को न्यायपूर्ण नहीं बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने खेडकर की जमानत याचिका खारिज करते हुए इसे क्लासिक धोखाधड़ी का मामला बताया था, जिसमें एक संवैधानिक निकाय ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश को धोखा दिया गया है। न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह की पीठ ने कहा था कि खेडकर ने साजिश रची है और देश की छवि को नुकसान पहुंचाया है। अदालत ने जांच में उनकी संलिप्तता और साजिश के स्पष्ट संकेतों का हवाला देते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था। ह्यअब, खेडकर की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार, 15 जनवरी को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश शर्मा की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी।

### क्या है पूरा मामला?

पिछले साल पूजा खेडकर तब सुर्खियों में आई थीं जब उन पर 2022 में आयोजित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के लिए गलत जानकारी देने का आरोप लगा था। उन पर धोखाधड़ी और गलत तरीके से ओबीसी और दिव्यांगता कोटे का लाभ उठाने का भी आरोप है। इस धांधली का खुलासा होने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। पुणे में पोस्टिंग के दौरान अपने कथित रौब के कारण भी वह चर्चा में रहीं थीं।

मामले के तूल पकड़ने पर केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया था। महाराष्ट्र सरकार से रिपोर्ट मिलने के बाद यूपीएससी ने 31 जुलाई को खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी थी और उन्हें भविष्य की परीक्षाओं में भाग लेने से भी प्रतिबंधित कर दिया था। खेडकर पर फर्जी दस्तावेजों के सहारे कई बार परीक्षा देने का आरोप है।